(क) BRICS देशों के बीच सहयोग शुरू करने का मुख्य कारण वर्ष 2008 का वित्तीय संकट था। इस वित्तीय संकट के कारण डॉलर के प्रभुत्व वाली मौद्रिक प्रणाली की स्थिरता पर संदेह उत्पन्न हुआ था।
(ख) BRICS ने बहुपक्षीय संस्थानों के सुधार के क्रम में वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन और तेजी से उभरते हुए बाजार (जो केंद्रीय भूमिका निभाते हैं) को दर्शाया है।
(ग) BRICS ने संस्थागत सुधारों पर जोर दिया जिसके कारण वर्ष 2010 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के कोटे में सुधार हुआ।
(घ) इसने वित्तीय संकटों में पश्चिमी प्रभुत्व को कम कर दिया और BRICS देशों को बहुपक्षीय संस्थानों में 'एजेंडा सेंटर' बनने दिया।

1950 के दशक में चीन

- **माओ** के नेतृत्व नेतृत्व में **1949 में चीनी क्रांति** हुई जिसके बाद वहाँ **साम्यवादी सरकार** की स्थापना हुई।
- यह आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ देश था।
- सरकारी नियंत्रण कठोर था।
- उत्पादन के साधनो पर सरकारी नियंत्रण।
- **USSR,** चीन की आर्थिक एवं वित्तीय **सहायता** करता था ल
- कृषि क्षेत्र से पूँजी निकल कर सरकारी नियंत्रण में भारी उद्योग शुरू किए गए।
- विदेशी बाजारों से ऊँची तकनीक और साजो समान खरीदने के लिए चीन के पास विदेशी मुद्रा की बहुत कमी थी।
- अतः घरेलू स्तर पर तकनीको को विकसित कर उत्पादन की नीति अपनाई गई।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

चीन की अर्थव्यवस्था का उत्थान

👉 1970 के बाद चीन ने अपनी नीतियो मे परिवर्तन किया और सामाजवादी अर्थव्यवस्था की जगह मिश्रित अर्थव्यवस्था माडल को अपनाना शुरू किया।
👉चीन की अर्थव्यवस्था के उत्थान के लिए उत्तरदायी कारक निम्नलिखित हैं :-

(a) अमेरिका से संबंध

- **1972** में चीन ने राजनीतिक तथा आर्थिक एकांतवास की नीति को समाप्त कर अमेरिका से संबंध स्थापित किए जिससे विदेश व्यापार के लिए रास्ता खुला।

(b.) आधुनिकरण की नीति

- **1973** मे चीन के प्रधानमंत्री **चाऊ एन लाई** ने चरणबद्ध तरीके से आधुनीकरण का प्रस्ताव दिया।
- 'कृषि, उद्योग, सेना, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आधुनिकीकरण।

(c) **आर्थिक सुधार एवं खुले द्वार की नीति**

- **देंग शियाओ पिंग** चीन का राजनेता एवं सुधारक थे जो माओ जेदाँग की मृत्यु के बाद चीन को बाजारवादी अर्थव्यस्वथा की तरफ ले गये।
- **1978** मे ने मुक्त द्वार या खुले द्वार की नीति शुरू की।
- इससे चीन मे विदेशी पूँजी निवेश का मार्ग खुला, परिणामत: उत्पादन क्षमता मे वृद्धि हुई और चीन तेजी से विकास करने लगा।
- चीन ने शॉक थेरेपी को नही अपनाया बल्कि अपनी अर्थव्यवस्था को चरणबद्ध ढंग से खोला।

(d) निजीकरण

- **1982 मे कृषि** का निजीकरण।
- **1998 मे उद्योग** का निजीकरण।
- इससे कृषि उत्पाद तथा ग्रमीण आम मे वृद्धि हुई।

By - M H Rabbani

(e) विशेष आर्थिक क्षेत्र

- SEZ - Special Economic Zone
- विशेष आर्थिक क्षेत्र का निर्माण कर विदेशियो को चीन मे पूँजी लगाने के विशेष सुविधाएँ दी गई।
- व्यापार और अवरोधको को समाप्त किया गया जिससे व्यापार मे वृद्धि हुई।

(f) विशाल आबादी एवं भूभाग

- इसकी विशाल आबादी बड़ा भूभाग, संसाधन की क्षेत्रीय अवस्थिति और राजनीतिक प्रभाव ने चीनी अर्थव्यवस्था के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

(g) WTO की सदस्यता

- 2001 में विश्व व्यापार संगठन में शामिल होकर चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं से जोड़ कर स्वयं को आर्थिक रूप से और मजबूत कर लिया है।
- WTO की वाध्यताओं के अनुसार व्यापार अवरोधको में कमी से वैश्विक व्यापार मे वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष :-

👉 वर्तमान मे चीन जिस दर से आर्थिक विकास कर रहा है, 2040 तक यह दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाऐगा।

👉 चीन पूर्वी एशिया के विकास का इंजन है जो वर्तमान विश्व में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के लिए सबसे आकर्षक केन्द्र बनकर उभरा है।

चीन की आर्थिक नीति की समीक्षा

👉 **सकारात्मक प्रभाव या पक्ष मे तर्क**

- 1978 मे तत्कालीन नेता देंगे श्योगपिंग ने चीन में आर्थिक सुधार की शुरुआत की जिसके कारण पूर्णत: चीन के आर्थिक एकांतवास की समाप्ति हो गई।
- खुले द्वार की नीति से विदेशी निवेश में वृद्धि हुई।
- कृषि, उद्योग, सेना, तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे आधुनिकरण हुआ।
- विभिन्न प्रकार के व्यापार अवरोधको को हटानें से व्यापार तथा उद्योग मे वृद्धि हुई।
- अर्थव्यवस्था को चरणबद्ध ढंग से खोलने से चीन की GDP मे तीव्र वृद्धि हुई।

👉 **नकारात्मक प्रभाव या विपक्ष मे तर्क**

- आर्थिक सुधारो का लाभ समाज के सभी वर्गों को नहीं मिला।
- आर्थिक समृद्धि में वृद्धि के साथ- साथ बेरोजगारी भी बढ़ी ।
- अंधाधुन्ध उद्योग, विकास के कारण पर्यावरण को क्षति हुई।
- गाँव एव शहर के तटीय क्षेत्रो मे रहने वाले लोगो के बीच आर्थिक विषमता बढ़ी।
- महिलाओं के लिए रोजगार एवं काम के हालातह बदत्तर होते है गए।
- भष्ट्राचार मे भी वृद्धि हुई।

निष्कर्ष :-

👉 चीन की आर्थिक नीतियो से आर्थिक वृद्धि तो हुई लेकिन उसका लाभ सबको एक समान रूप से नहीं मिला।

👉 एक तरफ GDP में तीव्र वृद्धि हुई तो दुसरी तरफ आर्थिक विषमता और बेरोजगारी भी बढ़ी।

चीन कीविशेषताएँ

- विशाल जनसंख्या
- बड़ा भूभाग
- संसाधन
- क्षेत्रीय अवस्थिति
- राजनीतिक प्रभाव

By - M H Rabbani

प्रश्न . आज की चीनी अर्थव्यवस्था नियंत्रित अर्थव्यवस्था से किस तरह से अलग है ?

उत्तर-

● नियंत्रित अर्थव्यवस्था की निम्नलिखित विशेषताएँ थीं :-

(i) नियंत्रित अर्थव्यवस्था में बड़े उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण था। उत्पादन और वितरण सरकार को नीतियों के अनुसार होता था।

(ii) चीन ने विदेशी मुद्रा के अभाव के कारण आयात किए जाने वाले सामानों का निर्माण देश में करवाना शुरू कर दिया।

(iii) इस नियंत्रित अर्थव्यवस्था के परिणामस्वरूप औद्योगिक अर्थव्यवस्था का विकास हुआ।

(iv) अर्थव्यवस्था का विकास 5 से 6 प्रतिशत वार्षिक दर से हुआ परंतु औद्योगिक उत्पादन पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ा।

(v) विदेशी व्यापार न के बराबर था और प्रतिव्यक्ति आय बहुत कम थी।

● इसके विपरीत वर्तमान चीनी अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित विशेषताएं हैं :-

(i) 1978 से खुले द्वार की नीति अपनाई गई ताकि विदेशी पूँजी और प्रौद्योगिकी के निवेश से उच्चतर उत्पादकता को प्राप्त किया जाए।

(ii) अर्थव्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से खोला गया।

- 1982 में खेती का निजीकरण किया गया।
- 1988 में उद्योगों का निजीकरण किया गया।
- व्यापार संबंधी अवरोधों को केवल 'विशेष आर्थिक क्षेत्रों' के लिए ही हटाया गया ताकि विदेशी निवेशक अपने उद्यम लगा सके। इस प्रकार वर्तमान चीनी अर्थव्यवस्था में चोन ने अपने आर्थिक एकांतवास को छोड़कर न केवल विदेशी निवेशकों को निमंत्रण दिया बल्कि बाजारमूलक अर्थव्यवस्था को भी अपने ढंग से अपनाया है।

प्रश्न . 1978 से पूर्व और बाद में चीन द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों में दो अंतरों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर- 1978 से पूर्व और बाद में चीन द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों में दो अन्तर निम्नलिखित हैं-

(i) 1978 से पूर्व चीन की आर्थिकी सोवियत मॉडल पर आधारित थी अर्थात् यह राज्य द्वारा नियंत्रित थी, परंतु 1978 के पश्चात् चीन ने आर्थिक सुधारों के लिए 'खुले द्वार की नीति अपनाई।

(ii) 1978 से पूर्व चीन ने आयातित सामानों को धीरे-धीरे घरेलू स्तर पर बनवाना शुरू कर दिया। सभी नागरिकों को रोजगार और सामाजिक कल्याण की योजनाओं का लाभ देने के दायरे में लाया गया परंतु 1978 के पश्चात् विशेष आर्थिक क्षेत्रों का निर्माण करके विदेशी व्यापार में वृद्धि की गई। चीन विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक देश बन गया।

भारत - चीन संबंध

- 1949 मे साम्यवादी क्रांति के बाद चीनी रिपब्लिक गणराज्य की स्थापना हुई।
- 1950 मे चीनी के साथ भारत ने राजनयिक संबंध स्थापित किए। चीनी रिपब्लिक गणराज्य को मान्यता देना वाला भारत प्रथम गैर सम्यवादी देश था।

संबंधों में तनाव के बिंदु

(1) तिब्बत मुद्दा एवं दलाईलामा को शरण देना

- 1950 मे चीन द्वारा तिब्बत को हरपने तथा भारत चीन सीमा पर बस्तियां बसाने के फैसले से दोनों देशो के बीच तनाव पूर्ण संबंधो की शुरुआत हुई।
- भारत द्वारा दलाईलामा को शरण देना तनाव मे वृद्धि का कारण बना।

(2) विभिन्न क्षेत्रो पर दावे को लेकर तनाव

- भारत और चीन अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सो और लद्दाख के अक्साई चीन क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं।
- इसकी वजह से भारत चीन के बीच युद्ध हुआ।

By - M H Rabbani

(3) 1962भारत चीन युद्ध

- 1962 के युद्ध मे भारत को सैन्य पराजय झेलनी पेड़ी जिसका दीघकालीक प्रभाव भारत चीन संबंध पर पड़ा।
- 1976 तक दोनो देशों के बीच कूटनीतिक संबंध या राजनीतिक संबंध समाप्त रहे।

(4) पाकिस्तान के साथ चीन के बेहतर संबंध

- पाकिस्तान के साथ चीन के बेहतर रिश्ते एवं चीन के द्वारा सुरक्षा परिषद मे भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध किया जाना भारत चीन संबंधो के बीच तनाव का एक प्रमुख कारण रहा है।

सौहार्दय / संबंधों में सुधार / बदलते संबंध

(1) व्यवहारिक मुद्दो पर ध्यान

- 1970 के उत्तरार्ध मे चीन के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव आया जिसके बाद वैचारिक मुद्दो की जगह व्यवहारिक मुद्दों पर बल दिया गया और विवादस्पद मुद्दे समाप्त होते चले गयें।

(2) वार्ताओं का दौर

- 1976 मे दोनो देशो के बीच पुन राजनीतिक संबंध बहाल हुए।
- 1979 मे तत्कालीन विदेश मंत्री वाजपेयी जी चीन दौरे पर गए।
- 1988 में PM राजीवगांधी ने चीन का दौरा किया जिसमे सीमा विवाद पर यथास्थिति बनाए रखने की पहल की गई।
- राजीवगांधी के इस दौरे मे दोनो देशो ने विज्ञान एवं तकनीक , सांस्कृतिक आदान - प्रदान एवं परस्पर सहयोग तथा व्यपारिक विस्तार के लिए सीमा पर चौर पोस्ट खोलने के लिए समझौते किए।

(3) सहयोगात्मक दृष्टिकोण

- दोनों देश वर्तमान मे ऐसे मामलो पर सहयोग करने के लिए राजी है, जिनसे भविष्य मे विवाद हो सकता है जैसे विदेशो मे ऊर्जा सौदा हासिल करने का मामला।

(4) एक समान नीतियाँ

- WTO जैसे अन्य आर्थिक संगठनो के मामलो में दोनों देशो की नीतियाँ एक जैसी है।

(5) परिवहन एवं संचार

- परिवहन एवं संचार साधनो मे वृद्धि से सकारात्मक एवं अच्छे संबंधो को निर्माण मे सहायता मिल रही है।

(6) द्वीपक्षीय व्यापार

- द्वीपक्षीय व्यापार 'मे लगभग तीस प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि ।
- वर्तमान मे लगभग भारत और चीन के बीच का व्यापार 100 अरब डॉलर को पर कर चूका है।

(7) राजनेता

- दोनो देशों के राजनेताओ और अधिकारियो के परस्पर दौरे होते रहें जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशो के संबंध में सुधार और मजबूती आई है।

🔴 **निष्कर्ष :-**

👉 वस्तुत: शीत युद्ध के समाप्ति के बाद भारत चीन संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है अब इनके संबंध केवल राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक भी हैं।

भारत - चीन वर्तमान संबंध

- 2003 मे भारत के प्रधानमंत्री की चीन यात्रा के दौरान कई समूह समझौते हुए।.

(a) विजा नियमो को उदार बनाने के लिए(b) शिक्षा, संस्कृति और व्यापार मे सहयोग के लिए।

- 2005 मे चीन ने सिक्कम को भारत का हिस्सा मान लिया।
- 2006 भारत और चीन BRIC के सदस्य बने।
- 2014 से 18 के बीच भारत के प्रधानमंत्री की पाँच बार चीन यात्रा तथा चीनी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हुई। 2017 में डोकलाम [भुट्टान में सड़क निर्माण पर दोनों देशों के बीच तनाव]
- 2020 में गलवान घाटी, लद्दाख मुद्दे को लेकर दोनों के बीच तनाव।

भारत की वर्तमान स्थिति

👉 21 वी सदी के भारत को एक उदीयमान वैश्विक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है।
👉 एक बहुआयामी दृष्टिकोण से विश्व भारत की शक्ति तथा उसके उदय को अनुभाव कर रहा है।
👉 लगभग 135 करोड़ की जनसंख्या वाले इस देश की आर्थिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थिति बहुत सुदृढ़ है।

उदियमान वैश्विक शक्ति के रूप में भारत

(1) आर्थिक परिप्रेक्ष्य में :-

- पाँच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अमेरिकी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य।
- एक विशाल प्रतिस्पर्धी व्यापार केन्द्र के रूप मे भारत का उभार हो रहा है।
- विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मे" मेक इन इंडिया " योजना" भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बना सकती है।

(2) सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य मे

- दुनिया मे 200 मिलियन(2 करोड) भारतीय प्रवासियो के साथ भारत की प्राचीन समावेशी सांस्कृति भारत को 21 वी सदी में शक्ति के एक नये केंद्र के रूप में एक विशिष्ट अर्थ तथा महत्व प्रदान करती है।

(3) समारिक परिप्रेक्ष्य

- सामरिक दृष्टिकोण से भारत की सैन्य शक्ति परमाणु तकनीक के साथ इसे आत्मनिर्भर बनाती है।

🔴 **निष्कर्ष :-** वस्तुतः यह सभी परिवर्तन भारत को वर्तमान विश्व मे शक्ति का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाते हैं।

सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में भारत और चीन

(1) दोनो उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ

- वर्तमान समय मे भारत और चीनो दोनों विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएँ हैं।
- इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारत एवं चीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने की स्थिति मे है।

(2) सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य के रूप चीन

- चीन UNO सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है जिसके पास परमाणु एवं सैन्य शक्ति भी है।
- साथ ही साथ चीन अपने आर्थिक विकास के माध्यम से अपनी अर्थव्यवस्था को विश्वस्तरीय बना रहा है।

(3) भारत भविष्य का महाशक्ति

- कुछ समीक्षक भारत को आने वाले समय मे एक महाशक्ति मे रूप देख रहे हैं।

(4) विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र भारत

- भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।
- भारत ने पिछले कुछ वर्षो में संचार, तकनीक विज्ञान एवं सूचना के क्षेत्र मे अन्य देशों तुलना मे बहुत उन्नती की है।

(4) परमाणु शक्ति सपन्न भारत

- भारत के पास एक शक्तिशाली सेना है तथा भारत एक परमाणु शक्ति संपन्न जिम्मेदार देश है।
- अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका को देखते हुए भारत के साथ असैन्य परमाणु संधि की है।

🔴 **निष्कर्ष :-**

वस्तुतः भविष्य में भारत एवं चीन एक ध्रुवीय विश्व को चुनौती देने में सक्षम हो सकते हैं। इसप्रकार ये दोनों ही देश सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में अंतराष्ट्रीय पटल पर उभर रहे हैं।

By - M H Rabbani

जापान

- जापान, एशिया महाद्वीप के पूर्व में तथा प्रशांत महासागर के पश्चिम में स्थित एक द्वीपीय देश है।
- जापान के पड़ोसी देश रूस, चीन तथा दक्षिण कोरिया हैं।
- जापान की **राजधानी 'टोक्यो'** है। जापान की **मुद्रा 'जापानी येन'** है।
- जापान एक **लोकतांत्रिक (संसदीय प्रणाली) संवैधानिक राजतंत्र** व्यवस्था वाला देश है।
- जापानी संविधान के अनुसार जापान की स्वायत्तता की बागडोर जापान की जनता के हाथों में है।
- जापान को अपनी मजबूत सशक्त सेना है।जापान का संविधान **(अनुच्छेद-9)** जापानी सेना को दूसरे देशों पर सैनिक अभियान/आक्रमण करने की इजाजत नहीं देता है।
- जापान 1964 में आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (ऑर्गनाइज़ेशन फार इकॉनॉमिक कोऑपरेशन एण्ड डेवलपमेंट **OECD**) का सदस्य बन गया।
- आबादी के लिहाज से विश्व में 11वाँ स्थान।
- परमाणु बम की विभीषिका झेलने वाला एकमात्र देश।

सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में जापान की संभावना

- आज जापान एक विकसित राष्ट्र है। इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था है। जापान का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 4975 ट्रिलियन डॉलर है।
- यह विश्व की **तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** वाला देश है।
- एशिया के देशों में अकेला जापान ही समूह-7 (G-7) के देशों में है।
- UNO के बजट में अंशदान (10%) करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश।
- 1951 से जापान का अमेरिका के साथ सुरक्षा-गठबंधन है।
- जापान चतुर्भुज सुरक्षा संवाद **(क्वाड)** का सदस्य भी है।
- जापान दुनिया में उच्च प्रोधोगिकी के लिए सबसे ज़्यादा मशहूर है।
- जापान में ऑटोमोबाइल उद्योग (विश्व में दूसरा स्थान) उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स तथा कम्प्यूटर उद्योग सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विश्व प्रसिद्ध है।
- **सोनी, पैनासोनिक, कैनन, सुजुकी, होंडा ट्योटा और माज्दा** जैसे प्रसिद्ध जापानी ब्रांड हैं, इन ब्रांड की उत्पादन इकाई भारत में भी स्थापित की गई है। जापान भारत के बीच मधुर सम्बंध हैं।
- विवादों के प्रयोग के लिए बल प्रयोग या धमकी के जगह कूटनीति का सहारा लेना, इसे और प्रभावशाली बनाता है।
- GDP का मात्र 1% सेना पर खर्च, फिर भी दुनिया में सातवीं बड़ी सेना।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education
By - M H Rabbani

दक्षिण कोरिया

- दक्षिण कोरिया एशिया महाद्वीप का एक विकसित देश है।
- दक्षिण कोरिया के पड़ोसी देश चीन, जापान तथा उत्तरी कोरिया हैं।
- दक्षिण कोरिया की राजधानी 'सियोल' है। 'सियोल' विश्व का सबसे बड़ा महानगरीय क्षेत्र है।
- कोरियाई प्रायद्वीप को द्वितीय विश्वयुद्ध के अंत में दक्षिण कोरिया (रिपब्लिक ऑफ कोरिया) और उत्तरी कोरिया (डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया) में 38वें समानांतर रेखा के साथ-साथ विभाजित किया गया था।
- 1950-1953 के दौरान कोरियाई युद्ध और शीतयुद्ध काल की गतिशीलता ने दोनों पक्षों के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया।
- अंततः 17 सितम्बर, 1991 को दोनों कोरिया संयुक्त राष्ट्रसंघ के सदस्य बन गए।

विद्या दृष्टि
By - M H Rabbani

सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में दक्षिण कोरिया की संभावना

- दक्षिण कोरिया एशिया में 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उभरा रहा है।
- 1960 के दशक से 1980 दशक के बीच इसका आर्थिक शक्ति के रूप में तेजी से विकास हुआ जिसे 'हान नदी पर चमत्कार' कहा जाता है।
- दक्षिण कोरिया 1996 में OECD का सदस्य बना।
- 2017 में इसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई ।
- सैन्य खर्च में इसका दुनिया में दसवाँ स्थान है।
- मानव विकास सूचकांक में बेहतर ल इसके उच्च मानव विकास के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों में "सफल भूमि सुधार, ग्रामीण विकास, व्यापक मानव संसाधन विकास, तीव्र न्याय संगत आर्थिक वृद्धि " शामिल है।
- दक्षिण कोरिया के सैमसंग, एल.जी. और हुंडई जैसे ब्रांड भारत में बहुत प्रसिद्ध हैं।
- भारत और दक्षिण कोरिया के बीच मधुर सम्बंध है। दोनों देशों के बीच बहुत सारे वाणिज्यिक और सांस्कृतिक समझौते हुए हैं।

रूस

- "रूस" विघटन से पहले "सोवियत संघ" का सबसे बड़ा हिस्सा रहा है।
- रूस 1980 के दशक के अंत और 1990 की शुरुआत में सोवियत संघ के विघटन के बाद, उसके (USSR) उत्तराधिकारी के रूप में मजबूत हुआ।

सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में रूस की संभावना

- GDP के हिसाब से रूस विश्व में 11वें स्थान पर है।
- रूस के पास खनिजों, प्राकृतिक संसाधनों और गैस का अपार भंडार है।
- परिष्कृत हथियारों के विशाल भंडार एवं परमाणु शक्ति इसके सैन्य शक्ति में और वृद्धि करती है।
- रूस संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद का एक स्थाई सदस्य भी है जो इसकी राजनीतिक शक्ति को और बढ़ा देता है।

सत्ता के वैकल्पिक केंद्र के रूप में इजराइल

- विश्व के मानचित्र पर एक बिंदु के समान परंतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी, रक्षा तथा गुप्तचर (माफिया) मामलो में 21वी शताब्दी के विश्व मे एक शक्तिशाल राष्ट्र के रूप मे उदय।
- इजाराइल अपनी अदमयक्षमता, रक्षा कौशल, तकनीकी नवाचार औद्योगिकीकरण तथा कृषि विकास के कारण वैश्विक राजनीतिक क्षेत्र मे नई ऊँचाइयो पर पहुँच गया है ।
- प्रतिकुलता के विरुद्ध निरंतूंरता" के सिद्धांत के माध्यम से एक छोटा यहूदी सियोनवादी राष्ट्र, सामान्य रूप से समकालीन वैश्विक राजनीति मे तथा विशिष्ट रूप से अरब-प्रभुत्तवशील पश्चिम एशियाई राजनीति में एक विशिष्ट भूमिका का निर्वाहन कर रहा है।

भारत - इजराइल संबंध

(क) 17 सितंबर, 1950 को भारत ने इजराइल को आधिकारिक तौर पर मान्यता प्रदान की।
(ख) 1992 में इजराइल के साथ भारत के राजनयिक संबंध स्थापित हुए, प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने इजराइल के साथ कूटनीतिक संबंध शुरू करने को मंजूरी दी।
(ग) भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में इजराइल के साथ संबंधों को नए आयाम तक पहुँचाने की पुरजोर कोशिश की गई।इजराइली राष्ट्रपति एरियल शेरोन ने भारत की यात्रा की। किसी इजराइली राष्ट्रपति की यह पहली भारत यात्रा थी।

By - M H Rabbani

(घ) 2015 में पहली बार भारतीय राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी का इजराइल दौरा ।
(ङ) जुलाई 2017 में पहली बार भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा।
(च) भारत व इजराइल के बीच 7 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं।
(छ) भारत और इजराइल में आतंकवाद के बढ़ने के साथ ही दोनों देशों के संबंध भी मजबूत हुए हैं। अब तक भारत ने इजराइल के साथ 8 सैनिक उपग्रहों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के माध्यम से प्रक्षेपित किया है।

BREXIT



United Kingdom

- Scotland
- England
- Northern Ireland (1922)
- Wales

समान

- सरकार
- संसद

भिन्न

- झंडा
- Cricket Team

स्कॉटलैंड में जनमत संग्रह

- 2014 में जनमत संग्रह
- 55% लोगों ने UK में बने रहने के पक्ष में

UK में जनमत संग्रह

- 2016 में UK में जनमत संग्रह,52% लोगों ने यूरोपीय संघ से अलग होने के पक्ष में मतदान दिया।
- कारण - प्रवासी मुद्दा
- 31 jan 2020 पूर्णतः BREXIT सम्पन्न

UK में जनमत संग्रह का प्रभाव

- आयात महँगा - Tarrif के कारण
- UK कम्पनीयों को यूरोपीय बाजार में पहुँच को लेकर नुकसान।
- श्रम के प्रवाह की समस्या।
- Gdp में गिरावट, निवेश में गिरावट, बेरोजगारी में वृद्धि।
- Scotland में विरोध

कुछ तथ्य

- चीन की आर्थिक शक्ति का प्रतीक - शंघाई
- ARF - Asian regional forum
- 2017 में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था - जापान
- भारत और आसियान के बीच मुक्त व्यापार समझौता - 2009
- पश्चिम एशियाई राजनीति में विशिष्ट भूमिका कौन सा देश निभाता है - इजराइल
- जापानी संविधान के अनुसार विदेशों पर आक्रमण का निषेध - अनुच्छेद -5
- हान नदी का चमत्कार - दक्षिण कोरिया का तीव्र विकास
- मार्शल योजना -1948
- 1962 भारत चीन युद्ध में सोवियत संघ की भूमिका - तटस्थ
- NEFA (North east frontier agency)- अरुणाचल प्रदेश
- भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा - LOC
- भारत और चीन के बीच सीमा - LAC
- FTA - Free trade agreement
- आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना - 1994

By - M H Rabbani

यूरोपीय एकता के महत्वपूर्ण पड़ाव

👉 **अप्रैल 1951:-**
- पेरिस संधि
- यूरोपीय कोयला और इस्पात समुद्राय
- फ्रांस, पश्चिमी जर्मनी, इटली वेल्जियम नीदरलैंड,लक्जमबर्ग

👉 **मार्च 1957 :-**
- रोम संधि
- उपरोक्त छः सदस्य के बीच
- यूरोपीय आर्थिक समुदाय (EEC)
- यूरोपीय एटमी ऊर्जा समुदाय

👉 **जनवरी 1973 :-**
- डेनमार्क,आयरलैंड, ब्रिटेन, यूरोपीम, समुदाय की सदस्यता

👉 **जून 1979 :-**
- यूरोपीय संसद के लिए पहला प्रत्यक्ष चुनाव

👉 **जनवरी 1981 :-**
- यूनान (ग्रीस) ने यूरोपीय समुदाय की सदस्यता ली

👉 **जून 1985 :-**
- शागेन संधि,यूरोपीय देशो के बीच सीमा नियंत्रण समाप्त

👉 **अक्टूबर 1990 :-**
- जर्मनी का एकीकरण

👉 **फरवरी 1992 :-**
- माट्रिस्ट संधि के माध्यम से यूरोपीय संघ का गठन

👉 **जनवरी 1993 :-**
- एकीकृत बजार का गठन

👉 **जनवरी 2002 :-**
- यूरो को 12 सदस्य देशो ने अपनाया

👉 **मई 2004 :-**
- साइप्रस, चैक गणराज्य, एस्टोनिया,हंगरी लताविया, लिथुआनिया, पोलैंड स्लोवाकिया और स्लोवेनिया यूरोपीय संघ मे शामिल

👉 **जनवरी 2007 :-**
- बुल्गारिया और रोमानिया यूरोपीय संघ मे शामिल

👉 **दिसम्बर 2009 :-**
- लिस्वन संधि लागू हुई

👉 **2012 :-**
- यूरोपीय संघ को नोबेल शांति पुरषस्कार

👉 **2013 :-**
- क्रोएशिया यूरोपीय संघ का 28 वाँ सदस्य बना।

👉 **2016 :-**
- ब्रिटेन में जनमत संग्रह

👉 **31 दिसंबर 2020 :-**
- ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

By - M H Rabbani

चित्र / कार्टून / मानचित्र



👉 **चित्र -1**

- यह चित्र चीन में क्रांति के बाद का है।
- इसमें कहा गया है कि समाजवादी रास्ता ही सबसे व्यापक है।

👉 **चित्र -2**

- शंघाई का है जो चीन की नयी आर्थिक शक्ति का प्रतीक है।

👉 **एक नयी आर्थिक शक्ति के रूप में चीन**

- चित्र-2 से चीन की नई आर्थिक शक्ति के विषय में जानकारी प्राप्त होती है।
- दिसंबर 1978 में देंग श्याओपेंग ने 'खुले द्वार की नीति' चलायी। इसके परिणामस्वरूप चीन ने अद्भुत उन्नति की और आज यह एक बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में जाना जाता है।
- शंघाई का चित्र चीन में विकास को तेजी से बदलती प्रवृत्ति का उदाहरण है। आज अपने अन्य विवादों को भुलाकर जापान, अमरीका,आसियान और रूस चीन से संबंध बना रहे हैं। आशा है कि शीघ्र ही चीन और ताइवान के मतभेद भी समाप्त हो जाएँगे।
- लातिनी अमरीकी देशों और अफ्रीका में चोन निवेश कर रहा है और एक नई विश्व शक्ति के रूप में उभर रहा है।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education
By - M H Rabbani



यूरोपीय संघ के नये सदस्य

- लिथुआनिया
- लताविया
- एस्टोनिया
- पोलैंड
- चेक रिपब्लिक
- स्लोवाकिया
- हंगरी
- क्रोएशिया
- स्लोवेनिया
- रोमानिया
- बुल्गारिया

- कार्टूनिस्ट द्वारा यूरोपीय संघ को टाइटैनिक जहाज के रूप दर्शाने का उद्देश्य यह है कि यूरोपीय संघ स्वयं काफी सीमा तक एक विशाल राष्ट्र-राज्य की तरह काम करने लगा है।
- इसका अपना झंडा, गान, स्थापना दिवस और अपनी मुद्रा है। इन देशों की काफी हद तक साझी विदेश नीति और सुरक्षा नीति भी है। परन्तु सदस्य देशों के मतभेद उसे डुबो भी सकते हैं।
- 2003 में यूरोपिया संघ संविधान बनाने की कोशिश नाकाम रही।

East asia & Pacific region

- उत्तर कोरिया
- दक्षिण कोरिया
- जापान
- फिलिपिन्स
- पूर्वी तिमोर
- मंगोलिया
- चीन
- मयंमार
- थाईलैंड
- लाओस
- वियतनाम
- कॉम्बोडिया
- मलेशिया
- ब्रुनई दारूस्लाम
- सिंगापुर
- इंडोनेशिया
- फिलिपनस
- पलाउ
- माइक्रोनेशिया
- मार्शल द्वीप
- किरीबाती
- नारु
- टुवालू

विद्या दृष्टि
The Vision of Education

By - M H Rabbani

- पूर्वी तिमोर
- पापुआ न्यू गिनी
- सोलामन द्वीपसमूह
- कुक द्वीप समूह
- फिजी
- समोआ
- टोंगा
- नियू



असीमो — विश्व का सबसे अत्याधुनिक मानव रूपी रोबोट जापान द्वारा निर्मित

वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में जापान कितना प्रभावशाली?

इसमें संदेह नहीं कि जापान की अर्थव्यवस्था विश्व में दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है और कई क्षेत्रों में उसका योगदान महत्त्वपूर्ण है परंतु जापान वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में प्रभावकारी नहीं हो सकता, जिसके निम्नलिखित कारण हैं-

(i) जापान के पास प्राकृतिक संसाधन कम हैं और कच्चे माल के लिए वह आयात पर निर्भर करता है।

(ii) संविधान के अनुसार जापान ने युद्ध और बल प्रयोग का त्याग किया हुआ है। अतः युद्ध या किसी अन्य देश के द्वारा उसके विरुद्ध शक्ति का प्रयोग करने की स्थिति में जापान की हालत खराब हो सकती है।

(iii) तीव्र उन्नति के परिणामस्वरूप चीन की स्थिति आने वाले वर्षों में जापान से बेहतर हो सकती है।

इस प्रकार जापान वैकल्पिक शक्ति केंद्र के रूप में प्रभावकारी नहीं हो सकता।

- भारत ने 1991 से लुक ईस्ट (Look East) और 2014 से एक्ट ईस्ट (Act East) नीति अपनायी।
- इससे पूर्वी एशिया के देशों (आसियान, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया) से उसके आर्थिक संबंधों में बढ़ोत्तरी हुई है।
- चित्र में तत्कालीन वितमंत्री डॉ मनमोहन सिंघ को दिखाया गया है।

चीन : तब और अब

- माओ के नेतृत्व में चीनी क्रांति के बाद चीन ने सोवियत मॉडल को अपनाया।
- माओ के हाथ में लाला किताब समाजवाद या साम्यवाद का प्रतीक है।
- हू जिनताओं के गले में लाल टाई पूंजीवाद का प्रतीक है।
- 1978 में चीन ने खुले द्वारा की नीति शरू की।
- अतः यह कार्टून समाजवाद से पूँजीवाद की ओर चीन की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को दिखता है।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

By - M H Rabbani

@vidyadrishti

- साइकिल को प्रतीक रूप में इसलिए प्रयोग किया गया क्योंकि सम्पूर्ण विश्व में चीन ही एक ऐसा स्थान है जहाँ सबसे ज्यादा साइकिलें प्रयोग होती है।
- इस कार्टून में साइकिल के दो पहियों के माध्यम से चीन के दोहरेपन को दर्शाया गया है।
- साइकिल का प्रथम पहिया साम्यवाद की निशानी हथौड़ा और दराती को दर्शा रहा है। वहीं दूसरा पहिया पूँजीवाद की निशानी डॉलर को दर्शा रहा है।
- चित्र यह संदेश दे रहा है कि वर्तमान साम्यवादी चीन में आर्थिक परिवर्तन हुआ है। चीन एक साम्यवादी देश है, परंतु साथ ही वह पूँजीवाद को भी मानता है। अर्थात आज के चीन के दोहरेपन चरित्र का संदेश दिया गया है।

- चीन ने पहले विकास के समाजवादी मॉडल को अपना रखा था और पूंजीवादी दुनिया से अपने रिश्ते तोड़ लिए थे। थोड़े समय तक इसे सोवियत मदद भी मिली। इस दौरान चीन में अर्थव्यवस्था का विकास 5 से 6 फीसदी के दर से हुआ, लेकिन जैसे-जैसे सोवियत संघ की शक्ति में कमी आनी शुरू हुई चीन ने अपनी नीतियों में बदलाव लाना और अमेरिका के साथ संबंध बनाना शरू कर दिया।


@vidyadrishti

- यह कार्टून चीन देश से संबंधित है।
- ड्रैगन तथा चीन की दीवार दो प्रतीक चीन की पहचान करने में सहायक।
- यह कार्टून चीन के आर्थिक अभ्युदय की कहानी बता रहा है जिसने उसे एक बड़ी शक्ति बनाया। ऐसा अनुमान है कि 2040 तक अमेरिका को पछाड़ कर विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।
- चित्र में व्यक्ति चीन के किसी भी प्रतिद्वंन्दी देश का प्रमुख हो सकता है जो भविष्य में चीन के प्रभुत्व को रोकने का प्रयास कर रहा है।

विद्या दृष्टि
The Vision Of Education

By - M H Rabbani

@vidyadrishti